29 मई 2023

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
moneywise. be wise.

प्रमुख खबरें

- इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप ने अपने नवीनतम मासिक बुलेटिन में कहा है कि वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे के बाजार में पहली तिमाही में 332,000 टन सरप्लस, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 8,000 टन सरप्लस था।
- अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में वैश्विक स्तर पर प्राथमिक एल्युमीनियम का उत्पादन सालाना आधार पर 0.3% बढ़कर 5.628 मिलियन टन हो गया।
- वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के अनुसार, अप्रैल 2022 में 162.7 मिलियन टन के मुकाबले 63 देशों में उत्पादन घटकर 161.4 मिलियन टन रह गया।
- वित्त वर्ष-2024 में भारत में स्टील की मांग 7.5 प्रतिशत बढ़कर 128.85 मिलियन टन होने की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष-2023 में 119.86 मिलियन टन थी: इंडियन स्टील एसोसिएशन।
- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, देश में 2022-23 में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 330.5 मिलियन टन होने का अनुमान है, जिसमें गेहूं, चावल, मक्का, तिलहन और गन्ना का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है ।
- केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि 2022-23 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 7% से ऊपर रह सकती है।
- संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, बेहतर घरेलू मांग की मदद कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।
- भारत ने अप्रैल में लगभग 1.9 मिलियन बैरल प्रति दिन रूसी तेल का आयात किया, जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 4.4% अधिक है।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.05.23	25.05.23	बदलाव (%)
गुड़	1399.50	1445.50	3.29%
सीसेमसीड	14600.00	14875.00	1.88%
मक्का	1800.00	1820.00	1.11%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.05.23	25.05.23	बदलाव (%)
कच्चा तेल	5929.00	5977.00	0.81%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.05.23	25.05.23	बदलाव (%)
कैस्टरसीड	6075.00	5597.00	-7.87%
कपास	1580.50	1478.00	-6.49%
ग्वारगम	11317.00	10669.00	-5.73%
कॉटनसीडऑयलकेक	2615.00	2467.00	-5.66%
स्अील	48200.00	45980.00	-4.61%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	19.05.23	25.05.23	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	224.90	202.70	-9.87%
तांबा	726.45	702.60	-3.28%
निकल	1855.50	1807.40	-2.59%
कपास	1560.00	1520.00	-2.56%
सोना	60753.00	59654.00	-1.81%

साप्ताहिक समीक्षा

मिले-जुले रूझानो के कारण सीआरबी इंडेक्स एक दायरे में बंद हुआ। व्यापारी पसोपेश में थे। उनकी नजर अमेरिकी खर्च की सीमा को बढ़ाने को लेकर मुख्य रूप से सांसदों के बीच बातचीत पर केंद्रित रही, लेकिन न तो डेमोक्रेट और न ही रिपब्लिकन वार्ताकारों ने इस बात पर कोई संकेत दिया कि कोई सौदा कब तक हो सकता है। डॉलर इंडेक्स में तेजी से कमोडिटीज की कीमतें निचले स्तर पर बनी रहीं। गुरुवार को सोने की कीमतें दो महीने के निचले स्तर के करीब पहुंच गई क्योंकि अमेरिकी ऋण सीमा बढ़ाने को लेकर बाजार ऊहापोह में रहा। डॉलर इंडेक्स में तेजी के कारण सर्राफा काउंटर में भारी गिरावट देखी गई। सोना और चांदी दोनों की कीमतें क्रमश: 60000 और 71000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे टूट गई। ऊर्जा काउंटर में कच्चे तेल ने नेचुरल गैस की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। अमेरिका में यात्राओं वाले गर्मी के मौसम के नजदीक आनेके दौरान अमेरिकी आपूर्ति के कम रहने की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री की विक्रेताओं को चेतावनी से भी कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी कच्चे तेल के स्टॉक में गिरावट से भी कीमतों को मदद मिली। अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में पिछले सप्ताह में अपेक्षा से अधिक गिरावट हुई। कमजोर आंकड़ों और कर्ज की सीमा संबंधी चिंता के कारण बेस मेटल की कीमतों में अधिक गिरावट हुई। रेटिंग एजेंसी फिच ने डिफॉल्ट की स्थिति में अमेरिकी रेटिंग डाउनग्रेड करने की चेतावनी दी। इसके अलावा, बाजार की उम्मीदें हैं कि फेड जून में दरों में फिर से वृद्धि करेगा, जैसा कि फेड फंड वायदा कीमतों द्वारा दिखाया गया है। यह इस वर्ष फिर से अधिक आर्थिक दर्द पैदा कर सकता है, क्योंकि मौद्रिक नीति प्रतिबंधात्मक बनी हुई है। इससे औद्योगिक धातुओं में बिकवाली का दबाव देखा गया। धीमी आर्थिक वृद्धि और मांग के लिए कमजोर आउटलुक की चिंताओं के बीच तांबे की कीमतों में अधिक गिरावट हुई। गुरुवार को जिंक की कीमतें जुलाई 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गई, क्योंकि स्टील को गैल्वेनाइज करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली धातु की कमजोर मांग के कारण बाजार में सरप्लस बढ़ गया और एक्सचेंज के भंडारों में भी बढ़ोतरी हुई । जनवरी के उच्चतम स्तर से कीमतों में 35% की गिरावट हुई है, चीन में, जिंक का सबसे बड़ा उपभोक्ता, आर्थिक सुधार के उम्मीद से कमजोर रहने और बढ़ती ब्याज दरों ने अन्य जगहों पर विकास के धीमा होने के कारण ऐसा हुआ है। स्टील और लौह अयस्क की कीमतों में भी गिरावट हुई है। स्प्रिंग कंस्ट्रक्शन के व्यस्ततम सीजन के दौरान चीन में स्टील की मांग उम्मीदों से कम रही है और बिल्डिंग निर्माण गतिविधि आमतौर पर गर्मियों में धीमी हो जाती है।

कृषि में, बाजार में प्रीमियम गुणवत्ता की हल्दी की कमी के कारण हल्दी वायदा की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। मॉनसून के कमजोर रहने के पूर्वानुमान के मद्देनजर आने वाले सीजन में कम उत्पादन को लेकर बढ़ती चिंता से बाजार का सेंटीमेंट मजबूत रहा । सस्ती दर पर जीरे के बढ़ते आयात के बीच जीरा की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। अरंडी तेल के अधिक उत्पादन और सीमित निर्यात मांग के कारण अरंडी की कीमतें एक दायरे में रही। वर्ष 2023 में कुल उत्पादन 18.82 लाख टन होने का अनुमान है जो साल-दर-साल 16% अधिक है। मेंथा में हाल ही में कुछ कमी देखी गई, वर्ष 2023 में कुल उत्पादन 18.82 लाख टन होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल 16% अधिक है।

कमोडिटी

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	19.05.2023	25.05.2023	बदलाव(%)
जौ	जयपुर	2,071.80	2,013.70	-2.80%
चना	दिल्ली	5,065.65	5,068.85	0.06%
धनिया	कोटा	6,687.75	6,516.45	-2.56%
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	859.85	847.75	-1.41%
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,390.35	1,431.50	2.96%
ग्वारसीड	जोधपुर	5,580.75	5,503.60	-1.38%
ग्वारगम	जोधपुर	11,150.30	10,837.05	-2.81%
जीरा	ऊंझा	46,750.20	45,681.40	-2.29%
सरसों	जयपुर	5,190.50	5,197.20	0.13%
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	918.50	910.00	-0.93%
सोयाबीन	इंदौर	5,326.75	5,298.05	-0.54%
हल्दी	निजामाबाद	7,636.15	7,482.45	-2.01%
गेहूं	दिल्ली	2,425.00	2,489.00	2.64%
कॉटन	कड़ी	28,636.10	26,771.65	-6.51%
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,742.90	2,614.75	-4.67%

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	18.05.2023	25.05.2023	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2283.50	2231.00	-2.30%
तांबा	LME	नकद	8251.50	8023.00	-2.77%
लेड	LME	नकद	2093.50	2070.50	-1.10%
निकल	LME	नकद	21278.00	21240.00	-0.18%
जिंक	LME	नकद	2479.00	2302.00	-7.14%
सोना	COMEX	जून	1981.60	1947.70	-1.71%
चांदी	COMEX	जुलाई	24.06	23.04	-4.24%
लाइट क्रूड	NYMEX	जून	71.55	71.72	0.24%
नेचुरल गैस	NYMEX	जून	2.59	2.28	-11.91%

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	19.05.2023	25.05.2023	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	जुलाई	13.07	13.24	1.30%
सोया तेल	CBOT	जुलाई	47.27	48.52	2.64%
कॉटन	ICE	जुलाई	86.72	80.12	-7.61%
सीपीओ	BMD	अगस्त	3,481.00	3,493.00	0.34%

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	18.05.2023 क्वांटिटी	25.05.2023 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	0	0	0
मक्का	मी.टन	50	50	0
कैस्टर सीड	मी.टन	7818	9208	1390
चना	मी.टन	8092	9378	1286
धनिया	मी.टन	19009	20029	1020
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	16723	17131	408
ग्वारगम	मी.टन	21826	21868	42
ग्वारसीड	मी.टन	114	159	45
जीरा	मी.टन	7173	7554	381
मक्का	मी.टन	0	0	0
स्टील लॉन्ग	मी.टन	632	632	0
हल्दी	मी.टन	995	1105	110

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	18.05.2023 क्वांटिटी	24.05.2023 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	51	51	0
तांबा	मी.टन	620575	1442596	822021
सोना	किग्रा	325	325	0
सोना मिनी	किग्रा	2840	2840	0
सोना गिनी	किग्रा	46600	546600	500000
लेड	किग्रा	0	0	0
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	153299	152730	-569
चांदी एम	किग्रा	40567	40567	0
जिंक	मी.टन	0	0	0

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 19.05.2023	स्टॉक की स्थिति 25.05.2023	अंतर
एल्युमीनियम	555000	575475	20475.00
तांबा	92250	96950	4700.00
निकल	39078	38916	-162.00
लेड	34175	35475	1300.00
जिंक	46275	63450	17175.00

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	जून	43710.00	14.03.23	तेजी	32000.00	40900.00	-	40850.00
NCDEX	हल्दी	जून	8148.00	06.04.23	तेजी	7035.00	7620.00	-	7600.00
NCDEX	ग्वारसीड	जून	5422.00	29.03.23	मंदी	5650.00	-	5880.00	5900.00
NCDEX	कैस्टरसीड	जून	5597.00	26.04.23	मंदी	6120.00	-	6132.00	6150.00
NCDEX	स्टील लांग	जून	45980.00	30.01.23	मंदी	50000.00	-	48500.00	48600.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	जून	2467.00	11.04.23	मंदी	2800.00	-	2770.00	2800.00
MCX	मेंथा ऑयल	जून	944.60	14.03.23	मंदी	1015.00	-	968.00	970.00
MCX	बुलडेक्स	जून	16000.00	11.05.23	मंदी	16600.00	-	16370.00	16400.00
MCX	चांदी	जुलाई	70242.00	11.05.23	मंदी	75000.00	-	73800.00	74000.00
MCX	सोना	जून	59460.00	11.05.23	मंदी	61200.00	-	60950.00	61000.00
MCX	मेटलडेक्स	जून	15772.00	23.06.22	साइडवेज	17500.00	15200.00	16300.00	-
MCX	तांबा	जून	702.60	19.04.23	मंदी	775.00	-	734.00	735.00
MCX	लेड	जून	183.55	20.04.23	साइडवेज	185.00	178.00	189.00	-
MCX	जिंक	जून	206.25	19.04.23	मंदी	252.00	-	225.00	226.00
MCX	एल्युमिनियम	जून	206.70	25.04.23	मंदी	210.00	-	216.00	217.00
MCX	कच्चा तेल	जून	5946.00	19.04.23	मंदी	6500.00	-	6190.00	6200.00
MCX	नेचुरल गैस	जून	202.80	17.05.23	तेजी	210.00	186.00	-	185.00

*25/05/2023 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

जिंक मिनी (जून) एमसीएक्स

जिंक मिनी (जून) एमसीएक्स **उच्चस्तर: 245.00** **निचला स्तर: 204.00**

एमसीएक्स में जिंक मिनी (जून) कॉन्ट्रैक्ट 25 मई 2023 को 206.20 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 225.45 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 25.36 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

224.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 196.00 रू के टारगेट के लिए 216.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

ग्वारसीड (जून) एनसीडीईएक्स

ग्वारसीड (जून) एनसीडीईएक्स **उच्च स्तर: 5892.00** **निचला स्तर: 5330.00**

एनसीडीईएक्स में ग्वारसीड (जून) कॉन्ट्रैक्ट 25 मई 2023 को 5422.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 5579.88 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 19.599 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

5620.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5150.00 रू के टारगेट के लिए 5480.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

कच्चा तेल मिनी (जून) एमसीएक्स

कच्चा तेल मिनी (जून) एमसीएक्स **उच्च स्तर: 6836.00** **निचला स्तर: 5581.00**

एमसीएक्स में कच्चा तेल मिनी (जून) कॉन्ट्रैक्ट 25 मई 2023 को 5950.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 6021.18 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 49.122 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

6200.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5650.00 रू के टारगेट के लिए 6050.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

आपूर्ति की चिंताओं के कारण हल्दी (जून) वायदा की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में उत्पादन कम होने से आपूर्ति सामान्य से कम है। महाराष्ट्र में अभी आवक में तेजी आना बाकी है जिससे कीमतों में तेजी बनी हुई है। प्रीमियम गुणवत्ता की हल्दी की कमी मिलों और स्टॉकिस्टों को उच्च कीमत पर अच्छी गुणवत्ता वाली हल्दी खरीदने के लिए प्रेरित कर रही है। अप्रैल 23 से मई 23 तक प्रमुख एपीएमसी मंडियों में अब तक लगभग 114.5 हजार टन की आवक हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष 134.1 हजार टन आवक हुई थी। लेकिन बेहतर कीमतो की प्राप्ति के कारण मई 23 की दूसरी छमाही में आवक बढ़ी है, लेकिन फसल की गुणवत्ता संदिग्ध है। महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से फसल खराब होने की खबरें सामने आ रही हैं जिससे वास्तविक उत्पादन को लेकर चिंता बढ़ गई है। महाराष्ट्र में उत्पादन में कमी की उम्मीद है, जहां कमजोर मॉनसून के पूर्वानुमान ने आगामी फसल को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। हल्दी का रकबा अन्य खरीफ फसलों की ओर स्थानांतरित हो सकता है जिससे उत्पादन में गिरावट आएगी। लेकिन भारी स्टॉक के कारण बढ़त सीमित रह सकती है। हल्दी की कीमतें 7800-8350 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

स्थानीय बाजार में कमजोर मांग के कारण जीरा (जून) वायदा की कीमतों में गिरावट की उम्मीद है। सस्ती दर पर बढ़ते आयात और बढ़ी हुई मौसमी आपूर्ति से कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है। ऊंची कीमतों के कारण भारत से निर्यात कम हुआ है क्योंकि भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में पिछले वर्ष के 204 हजार टन की तुलना में लगभग 176 हजार टन का निर्यात किया। लेकिन सरकारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि प्रचलित फसल चिंताओं के बीच त्योहारी खरीदारी के कारण मार्च 23 में निर्यात में वृद्धि हुई है। कम कैरीओवर स्टॉक और बाजार में सामान्य से कम आवक के कारण प्रमुख रूझान अभी भी तेज है । राजस्थान और गुजरात में हाल ही में हुई बारिश के बाद नई फसल की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। जीरा वायदा की कीमतों के 41000-47500 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है।

प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर आपूर्ति में वृद्धि के कारण धनिया वायदा (जून) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना है। पूरे भारत में धनिया का कुल उत्पादन 8%-10% बढ़ने का अनुमान है जो आने वाले हफ्तों में आपूर्ति को पर्याप्त बनाए रखेगा। लेकिन गिरावट सीमित होने की संभावना है क्योंकि कीमतें 2 साल के निचले स्तर पर चल रही हैं और स्टॉकिस्ट गिरावट पर खरीदारी में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वायदा प्लेटफॉर्म पर किसी भी समय शॉर्ट कवरिंग देखी जा सकती है, इसलिए सावधानीपूर्वक बिक्री की सलाह दी जाती है। धनिया (जून) वायदा की कीमतें 6200-6800 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

अन्य कमोडिटीज

वर्ष 2023 में अलनीनो मौसम की घटना की बढ़ती संभावनाओं के कारण आगामी फसल उत्पादन को लेकर बढ़ती चिंता कीमतों से कीमतों की मजबूती को समर्थन मिलने की संभावना है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2022-23 सीजन के लिए कपास उत्पादन के अनुमान को 465,000 गांठ घटाकर 29.8 मिलियन गांठ कर दिया है, क्योंकि महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु और ओडिशा में उत्पादन घटने की उम्मीद है। कपास उत्पादन का नवीनतम अनुमान 2008-09 सीजन के बाद सबसे कम है जो 29.0 मिलियन गांठ था। एमसीएक्स पर कॉटन (जून) की कीमतों के 56000-60000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है जबकि कपास (अप्रैल 24) वायदा की कीमतों के 1450-1550 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

बाजार में घटती मांग के कारण कॉटनसीडऑयलकेक (जून) वायदा की कीमतों में नरमी की संभावना है । लेकिन कपास के उत्पादन में गिरावट से कपास के बीज के उत्पादन में भी कमी आने की संभावना से गिरावट सीमित रह सकती है। कॉटनसीडऑयलकेक खली की कीमतें 2350-2750 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

कमजोर मांग के कारण ग्वारसीड (जून) वायदा कीमतों में गिरावट की संभावना है। कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी के मद्देनजर ग्वारसीड का भारी स्टॉक और ग्वारगम की कमजोर मांग की संभावना से कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है। लेकिन अलनीनो मौसम की घटना के विकास की संभावना के कारण वर्ष 2023 में मानसून के शुष्क दौर की बढ़ती संभावनाओं से नुकसान सीमित रह सकती है। शुष्क मानसून से वर्ष 2023 में ग्वारसीड की बुवाई की प्रगति और उपज पर सीधे प्रभाव पड़ने की संभावना है। ग्वारसीड की कीमतें निकट भविष्य में 5200-5600/5800 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं, जबकि ग्वारगम की कीमतें 9500-11000 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

बाजार में घटती आपूर्ति के साथ मेंथा ऑयल वायदा (जून) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना है। लेकिन भारत से मेन्थॉल के निर्यात में गिरावट की खबरों से बढ़त पर रोक लगेगी। भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 12.7 हजार टन मेन्थॉल का निर्यात किया, जो पिछले वर्ष के 19.7 हजार टन की तुलना में साल-दर-साल 36% कम है। बुआई के बेहतर आंकड़े से भी कीमतों पर असर पड़ेगा। मेंथा ऑयल की कीमतों के 945-1000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

पर्याप्त आपूर्ति के कारण अरंडी की कीमतों पर दबाव बने रहने की संभावना है। अरंडी तेल के अधिक उत्पादन और सीमित निर्यात मांग से कीमतों की तेजी पर रोक लग सकती है। वर्ष 2023 में कुल उत्पादन 18.82 लाख टन होने का अनुमान है जो साल-दर-साल 16% अधिक है। अरंडी वायदा (जून) की कीमतों के 5350-5900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

सर्राफा

अमेरिकी ऋण सीमा वार्ताओं में प्रगति के कारण डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों में लगातार तीसरी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। इस सप्ताह अब तक 1.9% की गिरावट के साथ, यह संभावित रूप से फरवरी की शुरुआत के बाद सबसे बड़ी गिरावट हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए सोने की मांग को कम करते हुए डॉलर 17 मार्च के बाद से अपने उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त, बेंचमार्क ट्रेजरी यील्ड मार्च के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और शीर्ष कांग्रेसी रिपब्लिकन केविन मैककार्थी ने खर्च कम करने और सरकार के 31.4 ट्रिलियन ऋण सीमा को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। यह प्रगति महत्वपूर्ण है क्योंकि डिफॉल्ट के जोखिम को रोकने के लिए समय समाप्त होता जा रहा है। कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से भारत में सोने की मांग में गिरावट हुई है। 2023 की पहली तिमाही में दुनिया के सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता भारत में सोने की मांग 17% कम हो गई। सोने के ईटीएफ की होल्डिंग 2.6 टन बढ़कर 1,019.9 टन हो गई। सोने की ईटीएफ होल्डिंग निवेशकों की मांग का एक पैमाना है। कॉमेक्स में, सोने की कीमतें वर्तमान में महत्वपूर्ण ईएमए 21 स्तर के करीब हैं, जो बाजार के लिए एक सपोर्ट के रूप में कार्य कर रहा है। लेकिन अगर कीमतें इस स्तर से नीचे आती हैं, तो कीमतों में संभावित रूप से 1900 डॉलर तक गिरावट हो सकती है। वर्तमान में, सोने की कीमतों को 1970 डॉलर के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है, जो आगे की ओर बढ़ने के लिए एक चुनौती पैदा कर सकता है। कॉमेक्स पर चांदी की कीमतें 21 ईएमए के नीचे सफलतापूर्वक टूट गई हैं, जो इंगित करता है कि काउंटर में बिकवाली का दबाव जारी रहेगा। कीमतें 20.800 डॉलर से 24.600 डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। सप्ताह की शुरुआत में एमसीएक्स पर सोने में बिकवाली का दबाव बना रह सकता है और कीमतें 57800-61000 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चांदी की कीमतें भी 66700-72000 के दायरे में बिकवाली के साथ कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सामना करना पड़ा क्योंकि निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से उच्च ब्याज दरों को लेकर अनुमान लगाया। मुद्रास्फीति के मुकाबले एक उपाय के रूप में इस वर्ष फेड द्वारा ब्याज दरों में कई बार वृद्धि की उम्मीद के कारण निवेशकों के बीच तेल के आकर्षण को कम करने में योगदान दिया क्योंकि इससे ब्याज नहीं मिलता है। इसके अतिरिक्त, ओपेक+ गठबंधन जुलाई और अगस्त में प्रति दिन 648,000 बैरल के उत्पादन में वृद्धि के लिए सहमत हुआ है। इसके विपरीत, ईआईए की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी तेल भंडार में अनुमान से अधिक 4.8 मिलियन बैरल की गिरावट से कच्चे तेल की कीमतों को कुछ समर्थन मिला। इसके विपरीत, अमेरिका में गैसोलीन की कीमतें जुलाई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचकर 4.25 डॉलर प्रति गैलन हो गईं। फेडरल रिजर्व से उच्च ब्याज दरों की निवेशकों की उम्मीदों के कारण कच्चे तेल की कीमतें साप्ताहिक स्तर पर गिरावट के साथ बंद हुईं। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 1.5% गिरकर 108.07 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल की कीमत 1.6% गिरकर 104.97 डॉलर प्रति बैरल हो गई। आगे, अमेरिकी ऋण सीमा वार्ताओं के परिणाम, यूक्रेन में चल रहे युद्ध और वैश्विक आर्थिक विकास की गति से आने वाले हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। लेकिन यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि आपूर्ति और मांग की गतिशीलता, आर्थिक स्थिति और भू-राजनीतिक घटनाओं जैसे कई कारक कच्चे तेल की कीमतों को वास्तविक दिशा प्रदान करेंगे इस सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतें 5700-6300 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। ठंडे मौसम के पूर्वानुमान से मांग में बढ़ोतरी के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में निचले स्तर से उछाल दर्ज की गई है। इस सप्ताह कीमतों में रिकवरी हो सकती है और कीमतें 190-220 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

बेस मेटल

अमेरिकी ऋण सीमा पर घबराहट और वैश्विक आर्थिक मंदी के संकेत, शीर्ष उपभोक्ता चीन में सुस्त मांग और आपूर्ति में सुधार से बाजार पर दबाव बढ़ने के कारण बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती हैं। एक मजबूत डॉलर के कारण कमोडिटीज की मांग में कमी हो सकती है। अमेरिकी ब्याज दरों के प्रारंभिक अनुमान की तुलना में अधिक समय तक उच्च स्तर पर बने रहने की संभावना से डॉलर का बढ़ावा मिल रहा है। शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में, औद्योगिक उत्पादन और खुदरा बिक्री पिछले महीने की अपेक्षा धीमी हो गई, और व्यापक वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसके प्रभाव को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है और औद्योगिक धातुओं की मांग में गिरावट हुई है। तांबे की कीमतें 690-720 के दायरे में कारोबार कर सकती है। कोविड लॉकडाउन नीतियों के अचानक समाप्त होने के बाद चीन में तांबे के आयात में बहुप्रतीक्षित उछाल और मांग में बढ़ोतरी अभी तक विफल रही है। एलएमई में बढ़ते भंडार के कारण तीन महीने के तांबे के मुकाबले नकद कॉन्ट्रैक्ट पर छूट बढ़कर 66 डॉलर प्रति टन हो गया है जो 1990 के दशक की शुरुआत से यह सबसे अधिक है। जिंक की कीमतें 200-220 के दायरे में कारोबार कर सकती है। विश्लेषकों के अनुसार रिफाइंड जिंक की कीमतों में 2025 तक गिरावट का रूझान रहने की उम्मीद है, क्योंकि कमजोर मांग की तुलना में उत्पादन में वृद्धि देखी जा रही है। लेड की कीमतें 177-186 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 200-215 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एलएमई द्वारा प्रमाणित ग्वांगयांग गोदामों में एल्युमीनियम के कुल भंडार में 20,875 टन की वृद्धि हुई, जिससे वैश्विक स्तर पर एलएमई के सभी भंडारण सुविधाओं में कुल भंडार 575,875 टन हो गया। एनसीडीईएक्स पर स्टील लॉन्ग (जून) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 43000-48000 के दायरे में कारोबार कर सकती है। वैश्विक मांग में कमी, सुदूर-पूर्वी एशिया और रूस से सस्ते आयात के प्रवाह के संयुक्त दबाव के कारण स्टील की कीमतों में गिरावट हो सकती है।

इस्पात (स्टील)..."आर्थिक वृद्धि का अहम स्तंभ"

इस्पात उद्योग को अक्सर किसी भी देश के विकास के आर्थिक संकेतक के रूप में माना जाता है क्योंकि इसकी बुनियादी ढांचागत और समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसका उत्पादन देश के सकल घरेलू उत्पाद में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक माना जाता है, और पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में इस्पात उत्पाद का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। भारत में लगभग 60% स्टील उत्पादन मुख्य रूप से टीएमटी, बार्स, वायर रॉड, और चैनल आदि जैसे विभिन्न रूपों के साथ निर्माण गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने वाले लंबे उत्पादों के लिए होता है। उत्पादित स्टील के शेष 40% फ्लैट उत्पादों का उपयोग इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उद्देश्य के लिए किया जाता है। सभी तरह के सेंगमेंट में स्टील के अनुप्रयोग में भारी उछाल देखने को मिलेगा, और इसके अलावा उपयोग के नए क्षेत्रों जैसे कि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एकीकरण और ड्रोन तकनीक से स्टील कारोबारियों को पर्याप्त अवसर मिलेगा।

वैश्विक स्तर पर कच्चे स्टील का उत्पादन

- वैश्विक स्तर पर कच्चे स्टील के उत्पादन में अप्रैल में 2.4 प्रतिशत की गिरावट हुई है जो फिर से चीन में एक साल पहले की अवधि की तुलना में उत्पादन में कमी के कारण हुई है। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) के अनुसार, अप्रैल 2022 में 162.7 मिलियन टन के मुकाबले अप्रैल 2023 में 63 देशों में उत्पादन घटकर 161.4 मिलियन टन रह गया।
- जनवरी-अप्रैल 2023 में, 63 देशों में स्टील उत्पादन, जो विश्व स्टील उत्पादन का 97 प्रतिशत है, 0.3 प्रतिशत कम होकर 622.7 मिलियन टन रह गया है।
- शीर्ष उत्पादक चीन ने 92.6 मिलियन टन का उत्पादन किया, जो कि एक साल पहले की अवधि की तुलना में 1.5 प्रतिशत कम है। चीन ने मार्च में 95.7 मिलियन टन का उत्पादन किया था, जो मार्च 2022 की तुलना में 6.9 प्रतिशत अधिक है।
- भारत में स्टील उत्पादन में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10.7 मिलियन टन होने का अनुमान है लेकिन यह मार्च 2023 में उत्पादित 11.4 मिलियन टन से कम है।
- जापान और अमेरिका में स्टील उत्पादन क्रमशः 3.1 प्रतिशत और 5.3 प्रतिशत कम होकर क्रमशः 7.2 मिलियन टन और 6.6 मिलियन टन रहा। रूस में उत्पादन 6.4 मिलियन टन हुआ है, जो साल-दर-साल 1.9 प्रतिशत अधिक है।
- दक्षिण कोरिया का उत्पादन 3 प्रतिशत बढ़कर 5.7 मिलियन टन हो गया, जबकि जर्मनी का उत्पादन 3.8 प्रतिशत घटकर 3.2 मिलियन टन हो गया।
- ब्राजील का उत्पादन 5.9 प्रतिशत कम होकर 2.8 मिलियन टन हो गया, लेकिन ईरान ने 5.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.1 मिलियन टन उत्पादन किया है।
- वैश्विक स्तर पर कच्चे स्टील की मांग
- वर्ल्ड स्टील के अनुसार दुनिया भर में स्टील की मांग 2023 में 2.3 प्रतिशत और 2024 में 1.7 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 1,822 मिलियन टन और 1,854 मिलियन टन हो जाएगी।
- मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है, लेकिन उच्च ब्याज दरों का स्टील की मांग पर दबाव बना रहेगा।



- चीन के फिर से खुलने, ऊर्जा संकट के सामने यूरोप के लचीलेपन और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को कम करने जैसे सकारात्मक कारकों के बावजूद। अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में लगातार मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दरों के कारण 2023 में स्टील की मांग में रिकवरी सीमित रहेगी।
- भारत में स्टील की खपत वैश्विक रुझान के विपरीत है और बढ़ते सरकारी खर्च और निजी क्षेत्र के निवेश में पुनरुत्थान के संकेतों पर 7-8% बढ़ने का अनुमान है।

आउटलुक

उच्च इनपुट लागत, मुख्य रूप से लौह अयस्क और कोकिंग कोल की अधिक लागत, और चल रहे भू-राजनीतिक संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्टील की कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। घरेलू स्टील की कीमतों के भी वैश्विक कीमतों के अनुकूल रहने की संभावना है और समग्र आर्थिक रिकवरी और इनपुट कीमतों में वृद्धि के बीच बुनियादी ढांचे के विकास और रियल एस्टेट और निर्माण गतिविधियों में तेजी के कारण बेहतर घरेलू मांग होने से घरेलू स्टील की कीमतों में तेजी रहने की उम्मीद है।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित हैं। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।